IGRS पोर्टल पर प्राप्त आमजन की शिकायतों के निस्तारण में जनपद फिरोजाबाद पुलिस ने माह अगस्त में प्रदेश के 75 जनपदों में प्राप्त की प्रथम रैंक।

- माह अगस्त में आयी कुल 2827 शिकायतों / प्रार्थना पत्रों का फिरोजाबाद पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करते हुए 125 अंकों में से पूरे 125 अंक प्राप्त किए।
- जनपद फिरोजाबाद के 22 थानों द्वारा 90 में से 90 अंक प्राप्त कर प्रत्येक थाने ने पायी प्रथम रैंक।
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा डिजिटल माध्यम से अपर पुलिस अधीक्षक नगर / ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारियों को कनैक्ट कर पुलिस कार्यालय में आए फरियादियों के सामने ही व्हाट्सएप के माध्यम से उनकी समस्या पूछकर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारी को तत्काल भेजी जाती हैं शिकायत।
- प्रतिदिन पुलिस कार्यालय टीम द्वारा आवेदकों के पास कॉल कर फीडबैक लिया जाता है। अगर आवेदक संतुष्ट नहीं है तो सम्बन्धित जाँचकर्ता के विरुद्ध होती है कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा स्वयं प्रतिदिन निस्तारण की कार्यवाही को किया जाता है मॉनीटर।
- आईजीआरएस में लगातार बढिया प्रदर्शन करते हुए जनपद फिरोजाबाद पुलिस टीम द्वारा वर्ष 2023 माह जनवरी में प्रथम रैंक, माह फरवरी में तृतीय रैंक, माह मार्च में भी तृतीय रैंक, माह मई में पाँचवी रैंक एवं माह जून में 11वीं रैक प्राप्त की गयी थी।
- समयबद्ध निस्तारण के चलते माह अगस्त में कोई भी प्रार्थना पत्र डिफॉल्टर एवं सी-श्रेणी में नहीं गया है।
- संदर्भों की मार्किंग / अग्रसारण में लगे दिवसों में भी 10 में से 10 अंक प्राप्त किए गये हैं।
- आवेदक द्वारा दिए गये फीडबैक की स्थिति में भी 30 में से 30 अंक प्राप्त किए गये हैं।
- स्वयं के स्तर पर निस्तारित या सी-श्रेणी में भी 20 में से 20 अंक प्राप्त किए गये हैं।
- माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से सी-श्रेणी संदर्भ में भी 10 मे से 10 अंक प्राप्त किए गये हैं।
- उच्चाधिकारियों के द्वारा रैंडम श्रेणी क्रम में भी 10 में से 10 अंक प्राप्त किए गये हैं।
- माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दिए जाने वाले मासिक लक्ष्य में भी जनपद को मिले 10 में से 10 अंक।

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद पुलिस जनसुनवाई के दौरान शिकायतों के निस्तारण के लिए है कटिबद्ध ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद फिरोजाबाद द्वारा 75 जनपदों के मध्य उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । जनपद फिरोजाबाद को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में 125 में से पूरे 125 अंक प्राप्त किए हैं । जनपद फिरोजाबाद में माह अगस्त में आईजीआरएस के माध्यम से कुल 2827 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जनपद पुलिस द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करते हुए आवेदकों से फीडबैक लेते हुए प्राप्त कुल 2827 शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया । जनपद पुलिस द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही की गयी जिसमें कोई भी प्रार्थना पत्र डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं गया ।

संदर्भों के मासिक प्राप्ति में 2827 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए जनपद फिरोजाबाद को 20 में से 20 अंक, संदर्भों की मार्किंग / अग्रसारण में लगे दिवसों में भी 10 में से 10 अंक, समस्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण हुआ जिससे कोई भी प्रार्थना पत्र डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं गया जिसमें भी फिरोजाबाद को 20 में से 20 अंक, शिकायतों के निस्तारण के पश्चात आवेदक द्वारा फीडबैक दिया जाता है जिसमें शिकायतकर्ता निस्तारण के मामले में पूर्ण रूप से संतुष्ट है कि नहीं इसमें भी फिरोजाबाद पुलिस को 30 में से 30 अंक प्राप्त हुए, स्वंय के स्तर पर निस्तारित या सी श्रेणी में भी 20 में से 20 अंक, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से सी श्रेणी संदर्भ में भी 10 में से 10 अंक, उच्चाधिकारियों द्वारा रैंडम श्रेणी क्रम में भी 10 में से 10 अंक एवं माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दिए जाने वाले मासिक लक्ष्य में भी जनपद पुलिस को 10 में से पूर्ण 10 अंक प्राप्त हुए ।

एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में फिरोजाबाद पुलिस फरियादियों की शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के प्रति है कटिबद्ध है ।